# समाचार
## चेट्रीचंड्र महोत्सव शोभायात्रा में शामिल हुई महापौर

कोरबा 09 अप्रैल 2016—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने सिन्धी समाज द्वारा आयोजित चेट्रीचंड्र महोत्सव में शिरकत करते हुए इस अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुई। उन्होने भगवान झूलेलाल जी की आरती पूजा की तथा नगर के अमनचैन व आमजन की सुख—समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

भगवान झूलेलाल जी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पूज्य सिन्धी पंचायत व सहयोगी संगठनों द्वारा शहीद हेमूकालाणी नगर रानी रोड कोरबा में स्थित सिन्धू भवन में जयंती समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन पूरे उत्साह व श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया, इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल इस शोभा यात्रा मे शामिल हुई, इस मौके पर उन्होने महाआरती में भाग लिया तथा भगवान झूलेलाल जी की आरती पूजा कर आमनागरिकों की सुख—समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।